परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 06-04-2026

- **डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस अधीक्षक बस्ती के साथ पुलिस लाइन बस्ती में उत्कृष्ट ग्राम प्रहरियों को किया गया साइकिल वितरण ।**
- **ग्राम प्रहरियों को सक्रियता एवं कर्तव्यों के प्रभावी निर्वहन हेतु दिए आवश्यक दिशा- निर्देश ।**

आज दिनांक 06.04.2026 को पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक बस्ती के साथ पुलिस लाइन, बस्ती में आयोजित एक कार्यक्रम में उत्कृष्ट ग्राम प्रहरियो को साइकिल प्रदान किया गया। इ

स अवसर पर जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए कुल 46 ग्राम प्रहरियों (44 पुरुष एवं 02 महिला) को साइकिलें प्रदान कर उन्हें अपने कर्तव्यों के निर्वहन में और अधिक सक्रिय एवं सक्षम बनने के लिए प्रेरित किया गया।

डीआईजी बस्ती द्वारा कहा गया कि ग्राम प्रहरी पुलिस और आम जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हैं। उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। साइकिल वितरण से उनकी गतिशीलता बढ़ेगी तथा वे अपने क्षेत्र में और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेंगे।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर श्री सत्येंद्र भूषण तिवारी, क्षेत्राधिकारी कलवारी श्री संजय सिंह, क्षेत्राधिकारी श्री प्रदीप कुमार त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक श्री व्रजेश कुमार पटेल सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती